# आईपीएल में चमकता सितारा बन सकते हैं शुभमन गिल




युवा बल्लेबाज शानदार प्रदर्शन करें

यूएई में शुभमन वह बल्लेबाज बन सकते हैं जिनके इर्द–गिर्द टीम के बाकी खिलाड़ी अपनी पारी तैयार कर सकते हैं। हैरानी नहीं होगी अगर शुभमन को पारी की शुरुआत करने का मौका मिले। सिर्फ केकेआर ही नहीं बल्कि पूरा देश यह चाह रहा होगा कि यह युवा बल्लेबाज शानदार प्रदर्शन करे। उनमें सिर्फ आईपीएल ही नहीं बल्कि भारतीय टीम का एक चमकता सितारा बनने की क्षमता है।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केक पर लिखा था हैपी बर्थडे। और कप्तान दिनेश कार्तिक ने अपने एक खास लाजवाब साथी के लिए खास शब्द कहे। बल्लेबाज शुभमन गिल के 21वें जन्मदिन की बात है यह। मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के उनके साथियों ने अपने इस युवा खिलाड़ी की सालगिरह मनाई। अब बड़ा सवाल यह है कि दाएं हाथ का यह स्टाइलिश बल्लेबाज टीम को आने वाले दिनों में सेलिब्रेशन के और मौके देगा? गिल की प्रतिभा को देखें तो इसका जवाब सकारात्मक ही नजर आता है। 2018 की अंडर–19 वर्ल्ड कप टीम के स्टार्स में शामिल रहे गिल पर टीम प्रबंधन को काफी भरोसा है। आईपीएल के दो सीजन में अभी तक केकेआर के इस मध्यक्रम के बल्लेबाज ने कुछ यादगार प्रदर्शन किए हैं। उन्होंने 2018 में चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाफ 36 गेंद पर 57 रन की पारी खेली थी। इस पारी से उन्होंने संकेत दिया था कि वह विश्व स्तरीय गेंदबाजी के खिलाफ भी खेलने का माद्दा रखते हैं।

# कोरोना को मात देकर आज से ट्रेनिंग शुरू करेगा ये खिलाड़ी

**क्रिकेट**

## बीसीसीआइ की मेडिकल टीम से भी दीपक चाहर को मिल चुका है क्लीयरेंस

हमारा विदेशी कोटा फुल हो चुका है: सीईओ सीएसके



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस का सामना 19 सितंबर को इंडियन प्रीमियर लीग के पहले मैच में करना है। इससे पहले टीम के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। टीम के तेज गेंदबाज दीपक चाहर पूरी तरह से कोरोना वायरस संक्रमण से उबर चुके हैं और वे शुक्रवार 11 सितंबर से ट्रेनिंग और प्रैक्टिस शुरू कर सकते हैं। इस बात का ऐलान खुद सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने किया है।

सीएसके के सीईओ विश्वनाथन ने कहा कि दीपक चाहर को न केवल सीएसके की तरफ से, बल्कि बीसीसीआइ की मेडिकल टीम से भी क्लीयरेंस मिल चुका है। इसी के साथ वह मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा है, दीपक को सीएसके और बीसीसीआइ की ओर से सभी आवश्यक मंजूरी मिल गई है और वह शुक्रवार से प्रशिक्षण शुरू कर देंगे। बता दें कि दीपक समेत सीएसके के 13 सदस्यों को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया था।

वहीं, जब सीएसके के सीईओ से ये पूछा गया कि फ्रेंचाइजी क्या कोई विदेशी खिलाड़ी (डेविड मलान) को सुरेश रैना के रिप्लेसमेंट के तौर पर अप्रोच कर रही है तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हमारा विदेशी कोटा फुल हो चुका है। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए भी खबर है, क्योंकि विदेशी खिलाड़ियों का हमारा कोटा पहले से ही भरा हुआ है। इसलिए मुझे नहीं पता कि हम अपनी टीम में एक और विदेशी कैसे शामिल कर सकते हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या किसी अन्य विदेशी खिलाड़ी के साथ कोई चोट का मुद्दा था जो इन अफवाहों का कारण बना तो उन्होंने कहा टीम के किसी खिलाड़ियों को कोई चोट नहीं लगी है। सीएसके के बयान से स्पष्ट हो गया है कि 19 सितंबर से 10 नवंबर तक यूएई के अबू धाबी, दुबई और शारजाह में होने वाले आइपीएल के लिए सुरेश रैना के विकल्प के तौर पर कोई भारतीय खिलाड़ी आ सकता है, लेकिन सीएसके नहीं चाहती कि उनका रिप्लेसमेंट लिया जाए।

# पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ने विराट कोहली को बताया दुश्मन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**




लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर मौजूदा समय में पाकिस्तान की टीम के चीफ सलेक्टर बनने की रेस में चल रहे हैं। पीसीबी ने उनके मुख्य चयनकर्ता बनने के लिए ऑफर किया है। शोएब अख्तर भी चाहते हैं कि अगर उनको सही ऑफर मिलता है तो वे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ काम करेंगे, लेकिन इसी बीच उन्होंने भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली को दुश्मन बता दिया है। हालांकि, उनके इस बयान के मायने अलग हैं। दरअसल, पाकिस्तान में एक टीवी शो के दौरान शोएब अख्तर से पाकिस्तानी क्रिकेटरों की आलोचना करने को लेकर सवाल किए गए। शोएब अख्तर से शो के एंकर ने पूछा कि आप पाकिस्तान टीम के खिलाड़ियों की आलोचना करते हैं, लेकिन आपका रवैया भारतीय खिलाड़ियों के साथ ऐसा नहीं है। क्रिकेट को लेकर अपनी बेबाक राय रखने के लिए मशहूर शोएब अख्तर ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के खाते में इतने रन हैं कि उनकी बुराई नहीं की जा सकती। शोएब अख्तर इसलिए भी विराट कोहली और रोहित शर्मा की तारीफ करते हैं, क्योंकि वे वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर 1 और नंबर 2 बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के पास मौजूदा समय में ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है जो इन दो खिलाड़ियों को मात दे पाए। हर कोई बाबर आजम की बात करता है, लेकिन बाबर आजम और विराट कोहली में जमीन–आसमान का अंतर है, क्योंकि उन्होंने अभी काफी कम क्रिकेट खेली है।

## दक्षिणी अफ्रीकी क्रिकेट टीम की मान्यता खतरे में, सीएसए को निलंबित किया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दक्षिण अफ्रीका। दक्षिण अफ्रीकी में ओलिंपिक से जुड़ी संस्था ने देश के क्रिकेट साउथ अफ्रीका बोर्ड को निलंबित करके देश के क्रिकेट को अपने हाथों में ले लिया है। रिपोर्टस के अनुसार बोर्ड में जारी अंदरुनी कलह की वजह से सरकार ने क्रिकेट बोर्ड को निलंबित करते हुए क्रिकेट के संचालन को अपने नियंत्रण में लिया । हालांकि इस कदम से दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम की मान्यता पर खतरा मंडरा रहा है। अंदेशा है कि ताजा घटनाक्रम के बाद साउथ अफ्रीका की टीम की मान्यता आईसीसी खत्म कर सकते हैं, जिसके बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर हो जाएगा।

क्रिकेट से जुड़ी वेबसाइट क्रिकेट बज्ज के अनुसार साउथ अफ्रीकन स्पोर्ट्स कंफेडरेशन ऐंड ओलिंपिक कमिटी ने क्रिकेट साउथ अफ्रीका को इस बारे में पत्र लिखकर सीनियर एग्जिक्युटिव्स को बोर्ड के प्रशासन से हटने को कहा। SASCOC के अनुसार CSA में पिछले साल दिसंबर से ही कुप्रबंधन और कदाचार जारी है। जिसकी जांच की गई है और यह कदम उठाया गया है। इन सब चीजों से क्रिकेट की छवि खराब हुई है।

## न्यूज डायरी



### सेरेना विलियम्स बाहर, अजारेंका और ओसाका में होगी खिताबी भिड़ंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। सेरेना विलियम्स टखने की चोट के कारण शानदार शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहीं और गुरुवार की रात को यहां यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में विक्टोरिया अजारेंका से हारने के कारण उनका 24वां ग्रैंडस्लैम खिताब का सपना भी टूट गया। बेलारूस की अजारेंका ने अपनी इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी को 1–6, 6–3, 6–3 से हराकर 2013 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में उनका सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा जिन्होंने अमेरिका की जेनिफर ब्राडी को 7–6 (1), 3–6, 6–3 से पराजित किया। सेरेना के टखने में दर्द था और इस बीच उन्होंने श्टाइम आउटश भी लिया। अजारेंका ने पहला सेट आसानी से गंवाने के बावजूद धैर्य नहीं खोया और ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंटों में 11 मुकाबलों में पहली बार सेरेना को शिकस्त देने में सफल रहीं। अजारेंका ने बाद में कहा, यहां पहुंचने में सात साल का समय लग गया।

### चार साल बाद भी सामने नहीं आया है एशियन गोल्ड मेडलिस्ट की मौत का सच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैथल (हरियाणा)। साल 2002 में एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली और 2004 एथेंस ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी भारतीय ऐथलीट सागरदीप कौर की साल 2016 में एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। 23 नवंबर 2016 को कैथल के चीका टाउन में हुई इस दुर्घटना को पुलिस ने अपनी छानबीन में हिट ऐंड रन का मामला मानते हुए यह केस बंद कर दिया था। लेकिन सागरदीप के परिवार को शक है कि यह मामला हिट ऐंड रन का नहीं है बल्कि यह साजिशन हत्या है। परिवार को शक है कि इस मामले के तार मृतक सागरदीप के पति सतनाम सिंह से जुड़े हैं, जो पुलिस को गुमराह कर रहा है। पिछले महीने अपनी बहन को न्याय दिलाने के मकसद से सागरदीप की बहन रतनदीप कौर सोशल मीडिया पर एक अभियान शुरू किया है, जिसे बीते सप्ताह कई नामचीन ऐथलीट्स ने अपना समर्थन दिया।

### दुनिया का नंबर वन ज्20 बल्लेबाज ले सकता है रैना की जगह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मिस्टर IPL के नाम से फेमस बाएं हाथ के बल्लेबाज सुरेश रैना ने इस बार इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल के 13वें सीजन से अपना नाम वापस ले लिया है। सुरेश रैना ने निजी कारणों का हवाला देते हुए आइपीएल 2020 में नहीं खेलना का फैसला किया है। रैना चेन्नई सुपर किंग्स के अहम खिलाड़ी रहे हैं। ऐसे में टीम के लिए ये तगड़ा झटका था, लेकिन अब खबर है कि सीएसके उनके रिप्लेसमेंट की ओर देख रही है, जिसका ऐलान जल्द हो सकता है। दरअसल, सुरेश रैना जब दुबई से भारत लौट आए थे तो सीएसके ने कहा था कि हम उनके फैसले का सम्मान करते हैं और उनके साथ हैं। इसके साथ–साथ सीएसके ने ये भी बात कही थी कि हम उनके रिप्लेसमेंट के लिए नहीं देख रहे हैं, जबकि सुरेश रैना ने कहा था कि वे फिर से आइपीएल 2020 के लिए यूएई जा सकते हैं।

### रोबिन उथप्पा ने की 19 साल के तूफानी बल्लेबाज की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज रोबिन उथप्पा ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग यानी आइपीएल का आगामी सत्र वास्तव में खास होगा। उथप्पा ने ये भी कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के बीच आयोजित हो रहा ये टूर्नामेंट यह हमारी जिंदगियों में सामान्य स्थिति पैदा करने का काम करेगा। रोबिन उथप्पा इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम का हिस्सा थे। उथप्पा ने यशस्वी जायसवाल की भी तारीफ की है। आइपीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर शेयर किए गए वीडियो में रोबिन उथप्पा कहते हैं, केवल व्यक्तिगत रूप से नहीं, बल्कि एक टीम के रूप में खेलने, प्रतिस्पर्धा करने और वापस पाने के लिए बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि मुझे बहुत मजा आया। इस साल वास्तव में आइपीएल विशेष होने जा रहा है, बस इस वजह से कि हम सभी एक मानव रेस के रूप में रह गए हैं।